# एयर चीफ मार्शल चौधरी ने परिवार के साथ की बदरी-केदार की पूजा-अर्चना

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को पहले परिवार के साथ भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये। इसके बाद उन्होंने केदारनाथ धाम में बाबा केदार के दर्शन कर रुद्राभिषेक किया। उनके साथ पारिवारिक जनों के अलावा सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी दर्शन को पहुंचे हैं।
एयर चीफ मार्शल चौधरी बदरीनाथ आर्मी हैलीपेड से बदरीनाथ के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे, जहां पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति



(बीकेटीसी) उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने एयर चीफ मार्शल की अगुवानी की। एयर चीफ मार्शल ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किये और वेदपाठ पूजा में शामिल हुए। रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी और धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल सहित वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पूजा करायी।
इस अवसर पर एयर चीफ मार्शल ने देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर समिति उपाध्यक्ष ने भगवान बदरीविशाल का प्रसाद अंगवस्त्र भेंट किया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ ने बताया कि एयर चीफ मार्शल ने शुक्रवार शाम श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में दर्शन किये शनिवार को बदरीनाथ धाम दर्शन को आये। बदरीनाथ मंदिर परिसर में एयर चीफ मार्शल 45 मिनट तक रहे इसके बाद केदारनाथ दर्शन को रवाना हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। बदरीनाथ धाम सिंह द्वार पर फोटो भी खिंचवाई।
इस अवसर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, सहायक अभियंता गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चैहान, विवेक थपलियाल, राजेंद्र सेमवाल, जगमोहन बत्र्वाल, केदार सिंह रावत, अनसुया नौटियाल अजीत भंडारी, कुलानंद पंत, विकास सनवाल, दीपक सयाना, योगेंद्र नेगी, हरीश जोशी, राहुल मैखुरी आदि मौजूद रहे।
बदरीनाथ के दर्शन के बाद एयर चीफ मार्शल केदारनाथ धाम को रवाना हुए। केदारनाथ पहुंचने पर श्री केदारनाथ उत्थान चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सचिव/बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने एयर चीफ मार्शल की अगुवानी की। तथा भगवान केदारनाथ के दर्शन को पहुंचे।

# वाहन खाई में गिरा, तीन की मौत

**सड़क हादसा**

8 पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने तीन शवों को बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क हादसे में एक वाहन के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर तीन शवों को बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।
तहसीलदार चकराता ने शनिवार को सूचना दी कि मीनस के पास पाटण नामक स्थान पर एक बोलेरो कैम्पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस पर पोस्ट त्यूणी में तैनात एसडीआरएफ टीम मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल



घटनास्थल हेतु रवाना हुई। एक बोलेरो कैंपर जिसमें 3 लोग सवार थे जो नेवल टिकरी, तहसील–चौपाल, हिमाचल प्रदेश से विकासनगर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मीनस के पास वाहन अनियंत्रित होने से मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें तीनों सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। एसडीआरएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुंच बनाकर वाहन में फंसे तीनों शवों को बाहर निकाला। इसके पश्चात कड़ी मशक्कत करते हुए वैकल्पिक मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक पहुचाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र सूरत सिंह (वाहन चालक), 35 वर्षीय सुरजीत सिंह पुत्र जगत राम और 48 वर्षीय श्याम सिंह पुत्र भागमल निवासी ग्राम टिकरी, तहसील नेरवा, शिमला, हिमाचल प्रदेश के रूप में की गयी है।

## कन्या गुरुकुल में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
खेल व्यक्ति के परिचय को पहचान प्रदान करके सामाजिक सम्बंध की मजबूती का आधार है। यह व्यक्ति के दीर्धगामी सम्बंध से जुड़कर लक्ष्य की मजबूती में सहायक होता है।
गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर में चल रही दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का दयानंद स्टेडियम में आज समापन हो गया। नॉक आउट आधार पर खेली गई प्रतियोगिता के व्यक्तिगत मुकाबलों मे अक्षिता पोडियाल ने प्रथम, मनीषा चौधरी ने दूसरा तथा आरजू राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# इजराइल में मारे गए लोगों की आत्मा शांति के लिए चिदानंद मुनि ने की प्रार्थना

**इजराइल युद्ध**

8 -इजराइल में युद्ध समाप्त हो और विश्व में शांति लौटे के लिए गंगोत्री धाम में यज्ञ

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
इजराइल युद्ध में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए उत्तरकाशी एवं गंगोत्री धाम में प्रार्थना की गई है।
शनिवार को उत्तरकाशी एवं विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज और साध्वी भगवती सरस्वती ने गोस्वामी गणेश दत्त इंटर कॉलेज के छात्र-छात्रों के साथ इजराइल में



हुए आतंकी हमलों में मारे गये निर्दोष लोगों की आत्मा शांति के लिए एक मिनट का मौन रख कर प्रार्थना की। बाद में गंगोत्री धाम पहुंचे स्वामी चिदानंद मुनि सरस्वती महाराज ने इजराइल में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इजराइल पर चरमपंथी हमास की ओर से आतंकी हमला किया गया।
इस हमले में निर्दोष लोगों की निर्ममता के साथ हत्याएं की गईं। बूढ़े, बच्चों और महिलाओं को नहीं बख्शा गया। दरिंदगी की सारी हदें आतंकियों ने पार कर दीं। उन्होंने गंगा मैया से प्रार्थना की है कि भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम के सूत्र से विश्व को एक परिवार माना है। उन्होंने प्रार्थना की है कि जल्द के युद्ध खत्म हो और विश्व में शांति लौटे।
साध्वी भगवती सरस्वती ने बताया कि हमास के आतंकियों ने निर्दयतापूर्वक महिलाओं के साथ दुराचार कर उनके शरीर के टुकड़े किए, यह घोर निंदनीय है।
श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा इजराइली पर्यटक भी शामिल हुए। सभी ने गंगोत्री धाम में पुष्पांजलि अर्पित इजराइल में मारे गए सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान देश- विदेश आये श्रद्धालुओं सैकड़ों तीर्थयात्री शामिल थे।
दूसरी ओर उत्तरकाशी स्थित मणिकर्णिका घाट पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री के द्वारा विभिन्न धार्मिक सगठन के साथ मिलकर इजराइल में शहीदों के लिए व आतंकवाद हमले में निर्दोष लोगों की शांति के लिए पिंडदान तर्पण किया गया।
इस मौके पर मुकेश भट्ट ,दुर्गेश खंडूरी , आशीष भट्ट ,गौरव शिवाय,अजय बडोला, रमेश मिश्रा ,इंदु ,शेखर नौटियाल, सुशीलल शर्मा, दिनेश, नरेश जोशी अंकित ,सुनील सेमवाल ,साहब सिंह, अभिषेक नेगी, प्रदीप पंवार सहित अन्य रहे साथ ही गायत्री परिवार के हिंदू मंच के सदस्य शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इस बार नवरात्र में सिंह पर सवार होकर आएंगी मां भगवती, नवरात्र साधना रविवार से

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय प्राच्य विद्या सोसाइटी कनखल के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. प्रतीक मिश्रपुरी ने बताया कि मां दुर्गा की उपासना के दिन अश्विन शारदीय नवरात्र रविवार से आरम्भ हो रहे हैं। इस बार भगवती सिंह पर सवार होकर आएंगी। इस कारण से यह वर्ष क्षत्रियों खासकर सेना, पुलिस के लिए कष्टकारी होगा। वैसे तो पूरे वर्ष में चार नवरात्र होते हैं, जिनमें दो गुप्त होते हैं और दो नवरात्र सभी लोग करते हैं। जो चैत्र व अश्विन मास में आते हैं। इन सभी में शारदीय नवरात्र बहुत ही फलदायी होते हैं।
रविवार से प्रारंभ होने वाले नवरात्रों में कलश की स्थापना का मुहूर्त 10. 25 प्रात से 11.25 तक होगा। इसमें वृश्चिक लगन होगा, जो कलश स्थापना का स्थिर लग्न का मुहूर्त होगा। उन्होंने बताया कि रविवार को 11.45 से 12.25 दोपहर तक अभिजित मुहूर्त होगा ये भी बहुत शुभ कहा गया है। इस बार नवरात्र पूरे हैं, कोई भी तिथि कम या अधिक नहीं है। इसलिए इन नवरात्रों में शक्ति पूजा विशेष प्रभावी होगी।
उन्होंने बताया कि जिनका सूर्य कमजोर है, वह पहले नवरात्र को व्रत करें, जिनका चंद्रमा सही नही है वह दूसरे ववरात्र का व्रत करें, मंगल खराब वाले तीसरे नवरात्र का, बुध खराब वाले चतुर्थ, गुरु खराब वाले पंचम, शुक्र खराब वाले षष्ठ, शनि खराब वाले सप्तम, राहु खराब वाले आठवें तथा जिनका केतु खराब हो या केतु की दशा हो वो नवम नवरात्र का व्रत करें। सभी प्रकार की सफलता के लिए नव दिन व्रत करें। बताया कि 24 अक्टूबर को दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। होगा। 22 अक्टूबर को महा अष्टमी व 23 अक्टूबर को नवमी तिथि होगी।

### पितृ अमावस्या : नारायणी शिला पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**-पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान कर की मोक्ष की कामना**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या शनिवार के दिन श्राद्ध व तर्पण को धर्मनगरी हरिद्वार में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। भीड़ के कारण शहर के अंदर से लेकर हाईवे तक सभी जगह वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। भीड़ को देखते हुए शहर के अंदर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक रही।
सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर धर्मनगरी में लाखों श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कर्मकांड कर पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण, पिण्डदान आदि कर्म किए। साथ ही, ब्राह्मणों को भोजन कराया। श्राद्ध पक्ष के कर्मकांड करने के बाद श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी सहित अन्य गंगा घाटों पर स्नान कर पुण्य अर्जित किया। वहीं नारायणी शिला पर भी श्रद्धालुओं ने श्राद्ध, तर्पण आदि कर्म कर पितरों के मोक्ष की कामना की। श्राद्ध, तर्पण आदि करने के लिए बड़ी संख्या में लोग नारायणी शिला पर उमड़े। नारायणी शिला पर पूजन-तर्पण व दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दर्शनों के लिए करीब एक किमी लम्बी लाइन देखी गई।
घरों में भी लोगों ने अपने पूर्वजों के निमित्त तर्पण कर ब्राह्मणों को भोजन करवाकर, वस्त्र, दक्षिणा आदि देकर उनके मोक्ष की कामना की।
बुधवार को अमावस्या पर सुबह से ही हरकी पैड़ी व उसके आसपास के सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हरकी पैड़ी पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। जो दिन चढ़ने के साथ-साथ बढ़ती गई। दोपहर तक यहां भारी भीड़ उमड़ गई। धार्मिक आस्था के अनुरूप श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त तर्पण व कर्मकांड संपन्न कराया। साथ ही, वस्त्र, भोजन सहित अन्य वस्तुएं दान दी।

#### ये भी है मान्यता-

माना जाता है कि पितृपक्ष के 15 दिन के दौरान पितृ धरती पर आ जाते हैं और पितृमोक्ष अमावस्या के दिन इनकी वापसी होती है। अमावस्या पर जिन पितरों की मृत्यु की तिथि पता नहीं होती, जिनके बारे में हमें ज्ञात नहीं होता, यानि कि सभी ज्ञात-अज्ञात पितरों का श्राद्ध इस दिन किया जाता है। साथ ही जिन्होंने अश्विन पूर्णिमा पर श्राद्ध नहीं किया, उन्होंने भी सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों का श्राद्ध और तर्पण कर पितरों के मोक्ष की कामना की। गंगा स्नान देर शाम तक चलता रहा।

## सर्वपितृ अमावस्या पर हजारों ने त्रिवेणी घाट पर अनुष्ठान कर पितरों की मुक्ति के लिए किया तर्पण



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर फिर से नगरी ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट सहित लक्ष्मण झूला तक सभी घाटों पर अपने पितरों की मुक्ति के लिए किए गए श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान कर पितरों को विदा किया।
शनिवार को अमावस्या पर उन भूले बिसरे पितरों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी मृत्यु की तिथि पता नहीं होती है। साथ ही जिन्होंने आश्विन पूर्णिमा पर श्राद्ध नहीं किया, उन श्रद्धालुओं ने भी सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों का श्राद्ध और तर्पण कर पितरों की मोक्ष पर प्राप्ति के लिए ने देवभूमि ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर स्नान कर पुण्य अर्जित किया।
सर्वपितृ अमावस्या को पितृविसर्जनी अमावस्या या महालय समापन अथवा महालय विसर्जन के नाम से भी जाना जाता है।
महालय के दिन ही सभी पितरों की विदाई होती है। वैसे भी आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन पितर श्राद्ध तर्पण की आशा में अपने वंशजों के द्वार आते हैं, लेकिन अगर उन्हें पिंडदान न दिया जाये तो ऐसा कहा जाता है कि वह श्राप देकर वापस चले जाते हैं।
इसलिये सर्वपितृ विसर्जन के दिन पितरों का श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। शनिवार को अमावस्या पर सुबह से ही त्रिवेणी घाट पर अपने पितरों के निमित्त तर्पण व कर्मकांड कराने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोगों ने पितरों के निमित्त वस्त्र, भोजन सहित अन्य वस्तुएं दान दी। इस दौरान लोगों ने हवन व तर्पण कर अपने पितरों को मोक्ष मिलने की कामना की।

**त्रिवेणी घाट पर बड़ी गाड़ियों के प्रवेश से दिनभर रहा जाम**

सर्वपितृ अमावस्या पर त्रिवेणी घाट में भारी अव्यवस्थाओं का झोल देखने को मिला।सुबह से ही घाट पर हजारों श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था नही की गई थी।

## पितृ पक्ष के समापन के साथ ही उपासना के महापर्व का हुआ शंखनाद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय संस्कृति में श्रद्धा सहित किया गया कर्म का महत्व अधिक है। पिछले 16 दिन की वह अवधि तक प्रत्येक हिन्दू अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं और उनके लिए पिंडदान करते हैं। इसे सोलह श्राद्ध, महालय पक्ष, अपर पक्ष आदि नामों से भी जाना जाता है। गीता के अनुसार पितर पूजने वाले पितरों को, देव पूजने वाले देवताओं को और परमात्मा को पूजने वाले परमात्मा को प्राप्त होते हैं। अर्थात मनुष्य को उसी की पूजा करने के लिए कहा है जिसे पाना चाहता है। इस पितृ को विदाई के बाद प्रत्येक व्यक्ति अपनी आत्मा को परमात्मा के साथ एक होने के लिए नवरात्रि उत्सव देवी अंबा का प्रतिनिधित्व है।

# शारदीय नवरात्र के लिए सजा बाजार

**नवरात्र**

8 कल से जगत जननी मां दुर्गा के नवरात्र शुरू हो रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है।

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नवरात्र उत्सव के लिए सुबह से ही शहर के बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं।रविवार से प्रारम्भ होने जा रहे शारदीय नवरात्र उत्सव को लेकर योग नगरी ऋषिकेश के बाजार सज गए हैं।
पूजा के सामान की खरीदारी की जा रही है। बाजारों में जगह-जगह दुकानें चुनरी व पोशाकों से भरी



पड़ी हैं। व्रत के लिए सिघाड़ा व कूटू के आटा की भी बिक्री हो रही है।
ग्राहकों के चलते बाजारों में रौनक दिख रही है।दुकानों के बाहर लटकी चुनरी, पोशाक व अन्य सामान ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। इनमें मुकुट, माला, मूर्ति व तस्वीर की खरीदारी की जा रही है। कल से जगत जननी मां दुर्गा के नवरात्र शुरू हो रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। इसमें श्रद्धालु व्रत रखकर पूजा-अर्चना करते हैं। पर्व की जरूरतों को देखते हुए बाजारों में सामान सजाए गए हैं।

# 26 लाख के स्मैक बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**धर दबोचा**

8 दो अंतर्राज्जीय ड्रग तस्करों को मोटर साइकिल सहित 260 ग्राम अवैध स्मैक के साथ धर दबोचा।

**देहरादून**
उत्तराखंड एसटीएफ नशे के सौदागरों के लिए काल का काम कर रही है। दो अंतर्राज्जीय ड्रग तस्करों को मोटर साइकिल सहित 260 ग्राम अवैध स्मैक के साथ धर दबोचा। नईम ऊर्फ सेरा फरीदपुर बरेली उत्तर प्रदेश स्मैक लेकर आ रहा था। यह दोनों कई वर्षों से नशे का कारोबार कर रहे थे।



एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया गया कि पकड़ा गये अभियुक्त दानिश पूर्व में मोटरसाइकिल चोरी में वर्ष 2020 में थाना कैंट व वर्ष 2022 में थाना शीशगढ़ व थाना प्रेम नगर से चोरी की कई मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार कर जेल जा चुका है। अभियुक्त दानिश पर जनपद बरेली में कई अभियोग पंजीकृत हैं।
अभियुक्त दानिश की जान पहचान बरेली जेल में बंद होने के दौरान ही नईम उर्फ शेरा से हुई थी जो एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जेल में बंद था। नईम उर्फ शेरा ने ही दानिश को स्मैक तस्करी के बारे में बताया। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ही स्मैक तस्करी के कार्य में लिप्त हो गए। नईम उर्फ शेरा ने ही अपने साथ राहत खान को भी इस कार्य हेतु तैयार कर लिया तथा उसकी मुलाकात दानिश से कराई। ए.एन.टी.एफ. ने गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध थाना पुलभट्टा , जनपद ऊधम सिंह नगर में एनडीपीएस की समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है।

# प्रधानमंत्री मोदी को मंत्रमुग्ध कर गई आदि कैलाश और जागेश्वर धाम यात्रा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के एक दिवसीय कुमाऊं दौरे से लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदि कैलाश और जागेश्वर धाम यात्रा उनके जीवन की ऐतिहासिक यात्राओं में शामिल हो गई है। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की है। इससे कुमाऊं क्षेत्र में भी पर्यटन बढ़ने की आस बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री मोदी दो दिन पहले 12 अक्टूबर को कुमाऊं क्षेत्र में यात्रा पर गए थे।
प्रधानमंत्री मोदी ने आदि कैलाश और जागेश्वर धाम यात्रा से मंत्रमुग्ध होते हुए लिखा है कि ह्ययदि कोई मुझसे पूछे- यदि आपको उत्तराखंड में एक जगह



अवश्य देखनी चाहिए तो वह कौन सी जगह होगी, तो मैं कहूंगा कि आपको राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर अवश्य देखने चाहिए। प्राकृतिक सुंदरता और दिव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी।ह्व
प्रधानमंत्री मोदी अपने दूसरी पोस्ट में लिखते हैं कि ह्वबेशक, उत्तराखंड में घूमने लायक कई प्रसिद्ध जगहें हैं और मैंने भी अक्सर उत्तराखंड का दौरा किया है। इसमें केदारनाथ और बदरीनाथ के पवित्र स्थान शामिल हैं, जो सबसे यादगार अनुभव हैं। लेकिन, कई वर्षों के बाद पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर में लौटना विशेष रहा।
इधर प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट के जवाब में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों की ओर से आभार प्रकट करते हुए लिखा, ह्वआदरणीय प्रधानमंत्री जी आपके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। आपके विजन के अनुरूप रोड, रेल और रोपवे निर्माण के माध्यम से श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जा रहा है।; मुख्यमंत्री धामी आगे लिखते हैं कि ह्वप्रधानमंत्री जी के आदि कैलाश, पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम के ऐतिहासिक भ्रमण से न केवल इन पवित्र स्थलों को नई पहचान मिली है बल्कि स्थानीय लोगों की समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।
मानसखंड मंदिर माला मिशन को वैश्विक पहचान दिलाने एवं देवभूमि उत्तराखंड के प्रति आपके असीम स्नेह व प्रेम हेतु समस्त प्रदेशवासियों की ओर से आभार।ह्व
२प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड दौरे के दो दिन बाद साझा की गई पोस्ट उनके उत्तराखंड के प्रति लगाव को स्पष्ट दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आदि कैलाश और जागेश्वर धाम यात्रा से देश दुनिया को न सिर्फ धर्म आध्यात्म का संदेश दिया बल्कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मानखंड मंदिर माला मिशन के विजन पर भी मुहर लगाई है।

# उत्तराखंड के एक और नागरिक की इजराइल से सुरक्षित वापसी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ऑपरेशन अजय के अन्तर्गत इजराइल से शनिवार को दूसरे विशेष विमान से भारतीय नागरिकों को दिल्ली वापस लाया गया। इसमें उत्तराखंड की एक नागरिक भी सुरक्षित लौटी है।
उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि की ओर से दिल्ली एयरपोर्ट पर सोभिका परमार को रिसीव किया गया। सोभिका देहरादून की रहने वाली हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में उनका ससुराल है। सकुशल आने के बाद वह परिवार के साथ अपने



ससुराल मेरठ के लिए चली गईं और सरकार को धन्यवाद कहा। अब तक इजराइल से शुक्रवार को उत्तराखंड के 02 और आज (शनिवार) को 01 लोग की वापसी हुई है।

# डिजिटल भारत ने एक मंच प्रदान किया है: धामी

**शुभारंभ**

**8 मुख्यमंत्री ने दून बिजनेस पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के कार्यालय का शुभारंभ किया**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने शनिवार को दून बिजनेस पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर, देहरादून में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के स्थानीय कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर इस कार्यालय का शुभारंभ किया गया है, उस उद्देश्य में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी अवश्य सफल होगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश तेजी से प्रगति कर रहा है। यह क्षेत्र सशक्तिकरण का माध्यम बन रहा है और लोगों को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नया भारत, टेक्नोलॉजी का न सिर्फ कंज्यूमर है, बल्कि टेक्नोलॉजी के विकास में और उसके क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा, लेकिन 5जी के साथ ही भारत ने नया इतिहास रच दिया है। 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल स्टैंडर्ड तय कर रहा है। भारत में डिजिटलाइजेशन तेजी से हो रहा है। डिजिटल भारत देश के विकास के विस्तृत विजन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस विजन का लक्ष्य है उस टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुंचाना, जो लोगों के लिए काम करे। लोगों के साथ जुड़कर काम करे।
उन्होंने कहा कि आज हमारे छोटे व्यापारी, छोटे उद्यमी, कारीगर सबको डिजिटल भारत ने एक मंच प्रदान किया है, एक बाजार उपलब्ध कराया है। बाजार में, मंडियों में रेहड़ी-पटरी में कार्य कर रहे लोग, सब यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी की ताकत कैसे सामान्य लोगों का जीवन में बदलाव ला रही है, यह नजर आ रहा है। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, निदेशक आईटीडीए निकिता खंडेलवाल, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के एजीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट हेमंत विज, सतेन्दयु मोहंती, नीता नम्बिआर उपस्थित थे।

# हरिद्वार में उमड़ी भीड़, असम के सीएम बोले- सनातन धर्म नहीं हो सकता कभी खत्म

**पूजा अर्चना**

**8 असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी हरिद्वार के नारायणी शिला मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे।**



**हरिद्वार /टीम एक्शन इंडिया**
पितृपक्ष की अमावस्या के चलते आज हर की पैड़ी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। अमावस्या पर स्नान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसे में इस पुण्य का लाभ लेने के लिए सुबह-सुबह ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने पहुंचे।
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी हरिद्वार के प्राचीन नारायणी शिला मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। यहां पितरों के लिए पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि सनातन कभी खत्म नहीं हो सकता। बताया कि वह हर साल अमावस्या के दिन प्राचीन नारायणी शिला मंदिर आने की कोशिश करते है। आज भी वह पितृ अमावस्या के मौके २२२२पर नारायणी शिला मंदिर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म पर की जा रही लगातार बयान बाजी पर बोलते हुए कहा कि कुछ लोग चाहते हैं कि सनातन और सनातन से जुड़ी परंपराएं इस देश में खत्म हो जाए,लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जब वह लोग भी नहीं थे तब से सनातन धर्म था। करीब 5000 साल पूर्व से सनातन धर्म और उससे जुड़ी परंपराएं चलती आ रही है। सनातन धर्म की की परंपराएं आगे भी इसी तरह चलती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने अपने ग्लोबल डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए देहरादून में नए ऑफिस का शुभारंभ किया

**देहरादून।** अग्रणी ग्लोबल आईटी सर्विसेजएंड सॉल्यूशंस कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने आज देहरादून में अपना नया ऑफिस लॉन्च किया। ऑफिस का उद्घाटन उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया। इस बिल्कुल नए सेंटर को विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों को अपने ग्लोबल डिलीवरी नेटवर्क में जोड़ने एवं अपने ग्राहकों को अत्याधुनिक डिजिटल आईटी सर्विस देने से इस ब्रांड की क्षमताएं बढ़ेंगी।यह लॉन्च पिछले साल घोषित हेक्सावेयर की व्यावसायिक रणनीति में बदलाव के एक हिस्से के रूप में हुआ है, जो विशाल क्षमता और टेलेंट पूल वाले छोटे शहरों में सेंटर स्थापित करने की दिशा में है। देहरादून के चयन के लिए कई कारण जिम्मेदार है, जिसमें प्रमुख मेट्रोपोलिटीनसेंटर्स से इसकी निकटता, मजबूत हवाई और रोड कनेक्टिविटी, एक एजुकेशनल हब के रूप में मान्य और एक उच्च कुशल आईटी वर्कफोर्स शामिल है। ऑफिस के शुभारंभ पर बोलते हुए, उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में सरकार द्वारा तैयार की गई आधारशिला ने उत्तराखंड को आईटी और आईटीईएस कंपनियों के लिए एक ड्रीम डेस्टीनेशन में बदल दिया है।पूरी मशीनरी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, और हेक्सावेयर जैसे अग्रणी खिलाड़ी का आगमन उत्तराखंड की विकास क्षमता का प्रमाण है।
हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर श्रीकृष्णा ने कहा कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में, विशेष रूप से छोटे शहरों में विस्तार, हमारी मुख्य रणनीति का एक अभिन्न अंग है और इस नए लॉन्च के साथ, हम कंपनी की निरंतर वृद्धि के लिए अपने ग्लोबल डिलीवरी फूटप्रिंट का विस्तार करना जारी रखेंगे। हमारी सोच है छोटा ही नया बड़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि बिल्कुल नया देहरादून सेंटर हमें नई प्रतिभाओं का पता लगाने और आईटी पेशेवरों को हमारे वैश्विक ग्राहकों की सेवा करने के अवसर प्रदान करने की अनुमति देगा।
मुख्य रूप से, यह केंद्र एक डायनेमिक 24/7 ग्लोबल ऑपरेशन हब के रूप में काम करेगा, जो हेक्सावेयर की साझा आईटी सेवाओं का विस्तार है। विशेष रूप से, हेक्सावेयर के डिजिटल आईटी संचालन (डीआईटीओ) को इस देहरादून सेंटर से संचालित किया जाएगा, जो डिजिटल क्षेत्र में इनोवेशन और एक्सीलेंस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा।

### ओप्पो ने भारत में फाइंड एन3 फ्लिप लॉन्च किया

**देहरादून।** ओप्पो इंडिया ने 94,999 रुपए में अपना नया फोल्डेबल, फाइंड एन3 फ्लिप पेश किया है। यह फोल्डेबल फोन 22 अक्टूबर, शाम 6 बजे से क्रीम गोल्ड और स्लीक ब्लैक कलर्स में ओप्पो स्टोर्स, फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा। फाइंड एन3 फ्लिप का वजन केवल 198 ग्राम है, तथा मोड़े जाने पर 8.55 सेमी मोटा यह फ्लिप फोन पर्स या पॉकेट में आसानी से आ जाता है। इस स्मार्टफोन में फ्लिप डिवाइस में पहली बार पर हैसलब्लैड-बैक्ड ट्रिपल-रियर-कैमरा सेटअप दिया गया है।
फाइंड के लेटेस्ट एडिशन के बारे में ओप्पो इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा कि इस साल फाइंड एन2 फ्लिप की सफलता के बाद हम अपना नया फ्लिप, फाइंड एन3 फ्लिप पेश करके बहुत उत्साहित हैं। इस नये फ्लिप में फाइंड एन2 के मुकाबले कवर स्क्रीन की फंक्शनलिटी, कैमरा अनुभव और परफॉर्मेंस में काफी सुधार किया गया है। जहाँ अन्य कंपनियाँ अभी इस श्रेणी में प्रवेश करने की कोशिश कर रही हैं, वहीं हमने इसमें नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने सभी ब्रांड्स के लिए इस साल अब तक का शानदार प्रदर्शन दर्ज किया

**देहरादून।** 2023 में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच1 दर्ज करने के बाद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया सभी तीन ब्रांडों बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड के लिए इस वर्ष के शुरू से आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार सफलता हासिल कर रही है। साल के पहले नौ महीनों में 9ए580 कारों तथा 6ए778 मोटरसाइकिलों की डिलीवरी की जा चुकी है। बीएमडब्ल्यू की 8ए998 यूनिट्स और मिनी की 582 यूनिट्स की बिक्री हुई। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया एक बेरोक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग राह पर बढ़ रही है। हमने पिछले साल एक दशक में उच्च वृद्धि दर्ज की और यह प्रवृत्ति पहले अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच1 और अब अभी तक का सर्वश्रेष्ठ जनवरी से सितम्बर सेल्स दर्ज करते हुए 2023 में जारी है। हमारी व्यवसायिक रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है और हमारे लिए सफलता को प्रेरित करने के अनेक महत्वपूर्ण घटक मौजूद हैं।

## क्रिकेट हो या जंग पाकिस्तान को हराना जरूरी : रविंद्रपुरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
क्रिकेट विश्व कप 2023 में शनिवार को भारत पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे मैच को लेकर आम क्रिकेट प्रेमियों के साथ संतों में भी जबरदस्त उत्साह है।
अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर भारत की जीत की कामना को लेकर चरण पादुका मंदिर में शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक किया। श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि क्रिकेट हो या जंग पाकिस्तान को हराना जरूरी है। भगवान शिव की कृपा और करोड़ों भारतीयों की दुआओं से भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच में जीत दर्ज करेगी।

# देश की रक्षा को बलिदानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया : प्रो. महावीर

**आयोजन**

**8 मेरी माटी मेरा देशह्ल कार्यक्रम के अन्र्तगत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में ह्यमेरी माटी मेरा देशह्ल कार्यक्रम के अन्र्तगत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रति-कुलपति प्रो. महावीर ने कहा कि देश की रक्षा को वीर बलिदानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने देश पर मर मिटने वाले वाले वीर शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने देश की अखंडता, सद्व्यवहार, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व निर्माण एवं सुसंस्कार युक्त जीवन के लिए पंच प्रण प्रतिज्ञा भी ली। कार्यक्रम के अन्र्तगत एनएसएस वाटिका में 50 से अधिक प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।
विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. प्रवीण पुनिया, उप कुलसचिव डॉ. निर्विकार, परामर्शदाता प्रो. केएनएस यादव, कुलानुशासक आर्षदेव के साथ-साथ समस्त संकायों के संकायाध्यक्ष एवं शिक्षक, शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकेत्तर कर्मयोगियों की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिपिन कुमार दूबे, डॉ. वैशाली गौड़, डॉ. शिव कुमार सहित अनुशासन समिति के सदस्यों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# गोदरेज एग्रोवेट के पशु आहार के विज्ञापन के लिए जिमी शेरगिल को किया नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
पशु चारा उद्योग की अग्रणी कंपनी गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) ने कल अपना नया विज्ञापन अभियान लॉन्च किया, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता जिमी शेरगिल हैं। इस विज्ञापन अभियान का उद्देश्य है, गोदरेज जैसे विश्वसनीय ब्रांड के गुणवत्तापूर्ण पशु आहार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। भारत में पशु चारा उत्पादों के लिए पहली बीआईएस प्रमाणित कंपनियों में से एक होने के नाते, जीएवीएल किसान परिवारों की समृद्धि के लिए मवेशियों के जीवनचक्र के अनुसार उत्पाद पेश करती है।
किसी डेयरी किसान की लाभप्रदता, दूध के उत्पादन मूल्य, चारे की लागत और पशुधन के स्वास्थ्य पर खर्च पर निर्भर करती है। इस लिहाज से, दूध उत्पादन की कुल लागत में 70ः हिस्सेदारी चारे की होती है और जिन पशुओं की अच्छी तरह से देखभाल की जाती है, वे न केवल बेहतर गुणवत्ता का अधिक दूध देते हैं, बल्कि इससे मवेशियों की प्रजनन क्षमता भी बढ़ती है, जिससे किसानों का उत्थान होता है। जीएवीएल के पशु चारा व्यवसाय के सीईओ संदीप सिंह ने कहा कि परंपरागत रूप से, भारतीय किसान मवेशियों के स्वास्थ्य को कम प्राथमिकता देते हुए दूध उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते रहे हैं। इस अंतराल को देखते हुए, हमारे अभियान का उद्देश्य है, मवेशियों की भलाई (वेल-बीइंग) को प्राथमिकता देने और दीर्घकालिक सोच के महत्व पर रोशनी डालकर इस पूरे परिप्रेक्ष्य को बदलना। इससे मवेशियों की भलाई (वेल-बीइंग) और प्रजनन स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा, दूध का उत्पादन अधिकतम होगा और किसानों के लिए डेयरी फार्मिंग लाभप्रद बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## थाने में जाकर उतरा आशिकी का भूत, करता था युवती को परेशान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्यार में सफलता ना मिलते देख एक आशिक मिजाज युवक ने युवती को ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मनचले को गिरफ्तार कर लिया।
झबरेड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते बताया कि उसके क्षेत्र का ही एक युवक उसे पिछले 3 माह से अलग-अलग मोबाइल नंबर से काल करके प्रेम सम्बन्ध बनाने के लिए परेशान कर रहा है। युवती के मना करने के बावजूद वह युवती के फर्जी फोटो व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने व परिवार सहित गला काटकर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# कोरोना के मृतकों की आत्म शांति के लिए किया श्राद्ध तर्पण

## -अर्पण, तर्पण और समर्पण भारतीय संस्कृति के आधारभूत स्तंभ : दास

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बनखंडी साधु बेला पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी गौरीशंकर दास महाराज ने पितृ अमावस्या के अवसर पर भूपतवाला स्थित भूमा निकेतन घाट पर कोरोना काल में मृतक निराश्रितों की आत्म शांति के लिए श्राद्ध तर्पण किया।
इस दौरान उन्होंने कहा कि संतों का जीवन परमार्थ के लिए समर्पित होता है। कोरोना काल के दौरान अनेक संत, महापुरुष एवं निराश्रित लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी, जिनकी आत्म शांति के लिए गंगा के निमित्त श्राद्ध तर्पण किया गया है। दैव सत्ता की ही भांति सामर्थ्यवान और अनुग्रहशील परम कृपालु पितृ सत्ता हम सभी का सर्वथा मंगल करें।
उन्होंने कहा कि अर्पण, तर्पण और समर्पण भारतीय संस्कृति के आधारभूत स्तंभ हैं। आज हम जो कुछ भी हैं, माता पिता और पूर्वजों के आशीर्वाद से ही है। इसलिए पितृ पक्ष आत्म अस्तित्व और जड़ों से जुड़ने का पाक्षिक दिव्य महोत्सव है। आचार्य स्वामी गौरीशंकर दास महाराज ने कहा कि सभी को प्रत्येक वर्ष अपने पितरों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भाव रखते हुए विधान अनुसार श्राद्ध कर्म अवश्य करना चाहिए। इससे पित्रजन प्रसन्न होकर अपनी असीम कृपा बरसाते हैं।
स्वामी बलराम मुनि महाराज ने कहा कि संत महापुरुष जगत कल्याण के लिए अपने तप और विद्वत्ता के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

# अबला नहीं गंग सबला है नारी गंग सबला अवार्ड से किया सम्मानित




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल, पशुलोक, ऋषिकेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वामी राम हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग से विषय विशेषज्ञा के रूप में डा. ग्रेस सिंह को आमंत्रित किया गया।
डा. ग्रेस ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति, मानसिक अस्वस्थता के कारण, मौलिक अधिकार, मानसिक अस्वस्थता से जुड़ी भ्रांतियां व उनके दुष्प्रभाव, मानसिक रोगियों से भेदभाव, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएं, मानसिक रोगियों के लिए समाज व संस्कृति की भूमिका आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर विद्यार्थियों के प्रश्नों के भी उत्तर दिए।
इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती विमला रावत ने भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में ज ९के आसपास समाज, क्षेत्र व देशहित में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को " गंग सबला" अवार्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में ये प्रथम अवार्ड डा. ग्रेस सिंह (समुदायों व युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता) व विमला रावत (शिक्षा व महिला सशक्तिकरण) में इनके निःस्वार्थ व उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जा। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष विशाल भट्ट ने कहा कि समय आ गया है महिला शक्ति को उनके अधिकार व सम्मान लौटने का अब ये नारी अबला नहीं पर गंग सबला है।

**उत्तर रेलवे**
G20
**निविदा सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-18-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के [illegible] लाइनों पर आइसोलेशन सुविधाओं के साथ ओएचई का प्रावधान। | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.11.2023 at 15:00 hrs. | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹1,01,24,808.51 (including GST) | | |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | ₹2,00,600/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-23 दिनांक 13.10.2023 3200/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टोल प्लाजा कर्मियों की गई गुंडागर्दी पर पुलिस का एक्शन, 10 गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने टोल प्लाजा बहादराबाद पर तैनात टोल कर्मियों का यात्रियों से मारपीट व गाली-गलौज करने के मामले में दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित से छीना गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।
शुक्रवार को वीर सिंह पुत्र जसवन्त सिंह निवासी ग्राम घाट परतापुर मेरठ उ.प्र. ने बहादराबदा थाने में पुलिस को तहरीर देकर टोल प्लाजा कर्मियों पर मारपीट, गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में कहा गया कि 12 अक्टूबर को रात्रि के समय हरिद्वार से मेरठ वह अपने घर जा रहा था। जब वह कार से शान्तरशाह स्थित टोल प्लॉजा पर पहुंचा तो वहां मौजूद कर्मचारी ने टोल फीस 200 रुपये मांगे।
टोल टैक्स 200 रुपये देने के बाद रसीद ली और थोड़ा आगे जाकर देखने पर दी गई रशीद फर्जी थी, जिस पर किसी और गाड़ी का नबर डाला गया था। बताया कि जब टोल पर फर्जी रसीद के संबंध में कहा तो टोल पर मौजूद 10-12 लोगों उस पर लाठी-डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं गाडी में तोड़फोड़ की। मोबाइल फोन छीन लिया और पत्नी व बच्चों से साथ भी मारपीट की।
पुलिस ने जांच में सीसीटीवी फुटेज, बयान व मुखबिर की सूचना पर राधिका इन्कलेव निकट टोल प्लाजा से छीना गया मोबाइल सहित आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अतुल कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी परसीय थाना बिसौली जिला बदायूं, आशीष पुत्र संजय निवासी जन्धेडा थाना मनिहारन सहारनपुर, कुमार गौरव पुत्र नेत्रपाल निवासी हथहोवा थाना झिंझाना शामली, मोनू यादव पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी इस्लामपुर थाना सिकन्दराबाद, प्रदीप मिश्रा पुत्र ब्रजमोहन मिश्रा जिला रीवा मध्य प्रदेश, अमरदीप पुत्र कमल सिंह निवासी फूलपुरा थाना भिवानी हरियाणा, शिवम कुमार पुत्र मुकेश निवासी वदान थाना नगला खंगर आगरा, गगन कुमारपुत्र कमिस्टर सिंह निवासी सहजना थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर, नवनीत पुत्र इन्द्र निवासी सलारपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर व राजेन्द्र मौर्या पुत्र रामनाथ मौर्या निवासी बेनीगंज प्रयागराज उप्र बताए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# जितिन प्रसाद मुख्यमंत्री धामी से मिले



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के मंत्री जितिन प्रसाद उत्तराखंड प्रवास पर हैं। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच राजनीतिक संदर्भों पर औपचारिक चर्चा हुई।

